# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 17.12.2025 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र हुआ आयोजित।
- मुख्यमंत्री ने भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का किया शुभारंभ।
- प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की शुरूआत, विशेषज्ञ पशुपालको से करेंगे संवाद।
- प्रदेश में शीतलहर और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित, अगले 24 घंटें में ठंड और बढ़ने की चेतावनी।

### विधानसभा विशेष सत्र

मध्य प्रदेश विधानसभा की स्थापना के 69 साल पूरे होने के अवसर पर आज विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया गया । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए मध्यप्रदेश को विकसितए आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने की संकल्प को विधानसभा की पटल पर रखा। उन्होंने इस दौरान सरकार के किए गए कामों और योजनाओं के जरिए आगामी समय में किए जाने वाले कामों के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने बीमारू राज्य को विकसित राज्य बनाया। वहीं मेट्रोपोलिटन सिटी बनाने का निर्णय लिया गया। जबलपुर और ग्वालियर में भी मेट्रोपोलिटिन सिटी बनेगी। इससे पूर्व राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विधानसभा परिसर में प्रदेश विधानसभा के 1956 से 2025 तक इतिहास के पल" और "मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश विकास और सेवा के दो वर्ष" विषय पर लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। आम लोग यह प्रदर्शनी कल से 25 दिसम्बर तक देख सकेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय वन मेला

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने आज राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ किया। 23 दिसम्बर तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का आयोजन वन विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के संयुक्त तत्वावधान में 'समृद्ध वन खुशहाल जन' थीम पर किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों से प्राप्त जड़ी–बुटी से औषधि बनाकर स्वास्थ्य लाभ लिया जा सकता है। इसी क्रम में सरकार ने आयुर्वेद को बढ़ावा देने लिए 8 नये आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने का निर्णय लिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भोपाल के अलावा अन्य स्थानों पर भी वन मेले लगाये जायेंगे।

### लोकसभा – सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या सबसे अधिक है और देश में कॉल दरों में 97 प्रतिशत की गिरावट आई है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान श्री सिंधिया ने कहा कि वर्ष 2014 में जो कॉल दर 50 पैसे प्रति मिनट थी, वह तीन पैसे प्रति मिनट रह गई है। भारत टेलीकॉम 2025 और स्थानीय क्षेत्रों में बीएसएनएल नेटवर्क की पहुंच से संबंधित एक अन्य प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में भारत के निर्यात में 72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओमान के मस्कट पहुंचे और एयरपोर्ट पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। यह उनकी तीन देशों की यात्रा का तीसरा और आखिरी पड़ाव है। हमारे

संवाददाता ने बताया कि भारत और ओमान अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ और सदियों पुराने व्यक्तिगत संबंधों का जश्न मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मस्कट, ओमान का दो दिवसीय दौरा विकास के लिए मिलकर काम करने के उद्देश्य से दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करेगा।

**लोकसभा-मुरूगन प्रसार भारती**

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि प्रसार भारती ने सांस्कृतिक पहुंच को बढ़ावा देने और कार्यक्रमों के माध्यम से आय अर्जित करने के साथ-साथ अपने सार्वजनिक सेवा दायित्व को पूरा करने के लिए **कंटेंट सिंडिकेशन नीति, 2025** का मसौदा तैयार किया है। लोकसभा में आज एक लिखित उत्तर में डॉ. मुरुगन ने कहा कि इस नीति का उद्देश्य दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा निर्मित कार्यक्रमों, संग्रहित राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कार्यक्रम तथा सरकारी कार्यक्रमों, त्योहारों, खेलों आदि के लाइव प्रसारण का मौद्रिकरण करना है।

**राज्यसभा – टोल वसूली**

सड़क तथा परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पारंपरिक टोल वसूली प्रणाली के स्थान पर अगले वर्ष के अंत तक पूरे देश में स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली लागू कर दी जाएगी। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान श्री गडकरी ने कहा कि सरकार राजमार्गों पर वाहनों की दक्षता बढ़ाने और यात्रा समय को कम करने के लिए इसे लागू कर रही है। श्री गडकरी ने कहा कि इस प्रणाली के लागू होने के बाद लगभग एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये के ईंधन की बचत होगी। श्री गडकरी ने कहा कि मल्टी–लेन फ्री–फ्लो टोलिंग प्रणाली उन्नत चरण में है, जहां वाहन बिना रुके राजमार्गों पर टोल का भुगतान कर सकेंगे।

**दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान**

प्रदेश में पशुपालकों, किसानों की आय बढ़ाने व दुग्ध उत्पादन वृद्धि के लिए आज से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देंगे। अभियान में मंत्रीगण, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। वहीं प्रदेश के सभी गांवों में दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क कर संवाद किया जाएगा।

**जी राम जी विधेयक**

केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक –वीबी जी राम जी में ग्रामीण परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। इस संबंध में रायसेन जिले के ग्राम पंचायत बनगवां के सरपंच मनीष कुमरे ने केन्द्र सरकार के प्रति आभार जताया है।

**तानसेन समारोह**

भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रतिष्ठित महोत्सव " तानसेन संगीत समारोह" के तीसरे दिन प्रातः बेला में सुदूर पश्चिमी देश इटली से आए साधक ने बांसुरी वादन से पूर्व व पाश्चात्य संगीत के मिलन की अनुपम आभा बिखेरी। ग्वालियर की सुविख्यात गायिका डॉ. साधना देशमुख मोहिते ने अपनी प्रस्तुति दी–

**मौसम**

प्रदेश में शीतलहर और घना कोहरा से जनजीवन प्रभावित हुआ हैं। प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। राजधानी भोपाल सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, कई जिलों में घने कोहरे की वजह से रेलगाड़ियां और हवाई यात्रा भी प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ठंड और बढ़ने की चेतावनी जारी की है।

**संक्षिप्त समाचार**

- नीमच कलेक्टर ने आज एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत धनिया के प्रोसेसिंग के लिए और भी नई इकाइयां एवं हर्बल प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिये।

- नर्मदापुरम जिले में मिशन शक्ति अंतर्गत आज महिला और बाल विकास विभाग, इटारसी द्वारा विभिन्न स्थलों पर कठपुतली शो तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

- सागर के स्थानीय खेल परिसर मैदान में आज 69वीं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।, इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर के 350 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

- धार जिले की औद्योगिक नगरी पीथमपुर में आज एमएसएमई निर्माण उद्योगों के लिए जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट प्रमाणन पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- बैतूल जिले में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 24 दिसंबर को शासकीय डॉ.भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय आमला में किया जाएगा।

- देवास जिले की सोनकच्छ एवं बागली उपजेल परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी गई।

----------------------------------------